बजट घोषणा 2021–22

क्र.सं.	घोषणा संख्या	घोषणा
1.	61.	प्रदेश के युवाओं एवं बच्चों के शारीरिक विकास हेतु गत वर्षो में हमने खेलकूद प्रतियोगिताएं कराने के साथ–साथ खेल संबंधी आधारभूत सुविधाओं का विस्तार किया है। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए– – **मैं, मेजर ध्यानचन्द स्टेडियम योजना** शुरू करने की घोषणा करता हूँ। इसके अंतर्गत चरणबद्ध रूप से राज्य के प्रत्येक ब्लॉक में खेल स्टेडियम निर्मित किये जायेंगे। इसके लिए विधायक–सांसद निधि/जनप्रतिनिधि/जन सहयोग/सीएसआर से प्राप्त राशि के बराबर राशि राज्य सरकार द्वारा दी जायेगी। –मोरोली–भरतपुर में खेल स्टेडियम एवं काछवा–सीकर में भी खेल सुविधायें विकसित की जायेंगी। –अजमेर, भरतपुर, बीकानेर एवं कोटा संभाग मुख्यालयों पर खेलों हेतु मल्टीपरपज इंडोर हॉल तैयार करवाये जायेंगे। –राजसमन्द, सिरोही जिला मुख्यालयों पर स्टेडियम एवं प्रतापगढ़ में इंडोर स्टेडियम का निर्माण करवाया जायेगा।
2.	62.	प्रदेश में व्यापक स्तर पर खेलों का वातावरण तैयार करने के लिए लोकप्रिय खेलों जैसे–कबड्डी, वॉलीबाल, क्रिकेट (टेनिस बॉल) एवं हॉकी के ग्राम पंचायत, ब्लॉक, जिला व राज्य स्तरीय **Tournaments** कराये जाने की घोषणा करता हूँ। इस हेतु 30 करोड़ रूपये का प्रावधान किया जायेगा।
3.	63.	**SMS** स्टेडियम, जयपुर व अमृतलाल गहलोत स्टेडियम, चैनपुरा स्कूल मण्डोर, जोधपुर में **Residential Sports School** बनाये जायेंगे। जिसमें खिलाड़ियों को आवास, शिक्षा व खेल प्रशिक्षण की सुविधायें निःशुल्क उपलब्ध होंगी। खिलाड़ियों को उच्च तकनीकी आधारित फिजियोथैरेपी सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से **SMS** स्टेडियम, जयपुर में **High Performance Training and Rehabilitation Centre** की स्थापना की जायेगी। इस हेतु 40 करोड़ रूपये का प्रावधान किया जायेगा।

4.	**64.**	पश्चिमी राजस्थान की मांग को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच एवं आईपीएल टूर्नामेंट आयोजित कराने के लिए **बरकतुल्लाह खान क्रिकेट स्टेडियम, जोधपुर** के जीर्णोद्धार एवं सुदृढ़ीकरण संबंधी कार्य 20 करोड़ रूपये की लागत से जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा करवाये जायेंगे।
5.	**65.**	प्रदेश में डूंगरपुर में आर्चरी एकेडमी तथा जैसलमेर में हैण्डबॉल एकेडमी प्रारंभ की जायेगी।